Series : QR3SP

SET ~ 4

रोल नं.

Roll No.

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **73**

# मूर्तिकला (सैद्धान्तिक) (भारतीय कला का इतिहास)

# SCULPTURE (Theory)

## (HISTORY OF INDIAN ART)

*निर्धारित समय : 2 घण्टे* *अधिकतम अंक : 30*

*Time allowed : 2 hours* *Maximum Marks : 30*

नोट/ NOTE : {}

(I) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **11** हैं ।
Please check that this question paper contains **11** printed pages.

(II) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.

(III) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **16** प्रश्न हैं ।
Please check that this question paper contains **16** questions.

(IV) कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में यथा स्थान पर प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।
**Please write down the serial number of the question in the answer-book at the given place before attempting it.**

(V) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

सामान्य निर्देश :

- *खण्ड – अ*
  *सभी प्रश्नों का उत्तर दीजिए । (प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है ।)*
- *खण्ड – ब*
  *सभी प्रश्न अनिवार्य हैं । (प्रत्येक प्रश्न **2** अंक का है ।)*
- *खण्ड – स*
  *किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए । (प्रत्येक प्रश्न **6** अंक का है ।)*

## खण्ड – अ
## (बहुविकल्पीय प्रश्न)

दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन करें :

1. साहिबदीन द्वारा बनी मारु रागिनी की विशेषता क्या है ? **1**

   (A) अमूर्त अभिव्यक्ति और काली पृष्ठभूमि

   (B) दरबारी शालीनता और मुगल यथार्थवाद

   (C) रुमानी विषय और राजस्थानी बारीकी

   (D) पौराणिक प्रतीक और ब्रश से मोटाकाम

2. उस्ताद फ़कीरुल्लाह खाँ के मुगल लघुचित्र में कौन से दो सन्त दर्शाए गए हैं ? **1**

   (A) हज़रत निजामुद्दीन औलिया और अमीर खुसरो

   (B) दारा शिकोह और शाहजहाँ

   (C) कबीर और रैदास

   (D) तुलसीदास और अमीर खुसरो

3. कथन **A** : पी.वी. जानकीराम के 'गणेश' में देवता का आध्यात्मिक रूप स्पष्ट दिखता है । **1**

   कारण **R** : अमूर्तता के बावजूद सूँड़ जैसी पारम्परिक विशेषताएँ सहजता से पहचानी जाती हैं ।

   (A) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

   (B) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

   (C) (A) सत्य है और (R) असत्य है ।

   (D) (A) असत्य है और (R) सत्य है ।

**General Instructions :**

- ***Section-A***

  *Attempt* ***all*** *questions. (Each question will carries* ***1*** *mark)*
- ***Section-B***

  *Attempt* ***all*** *questions. (Each question will carries* ***2*** *marks)*
- ***Section-C***

  *Attempt any* ***two*** *questions. (Each question will carries* ***6*** *marks)*

## SECTION-A

### (Multiple Choice Questions)

Select the right answer from the given options :

1. The painting Maru Ragini by Sahibdin is notable for **1**

   (A) Abstract expression and black background

   (B) Courtly elegance and Mughal realism

   (C) Romantic theme and Rajasthani detailing

   (D) Mythological symbolism and thick brushwork

2. The Mughal miniature done by Ustad Faquirullah Khan depicts which two saints ? **1**

   (A) Hazrat Nizamuddin Auliya and Amir Khusro

   (B) Dara Shikoh and Shahjahan

   (C) Kabir and Raidas

   (D) Tulsidas and Amir Khusro

3. **Assertion (A) :** In Janakiram's 'Ganesha', the spiritual essence of the deity is preserved. **1**

   **Reason (R) :** Despite abstraction, traditional features like the trunk remain clearly recognisable.

   (A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

   (B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).

   (C) (A) is true and (R) is false.

   (D) (A) is false and (R) is true.

4. निम्न में से कौन सा 1947 के भारतीय राष्ट्रीय ध्वज का सही प्रतीकात्मक अर्थ नहीं है ? 1

(A) सफेद – शान्ति (B) केसरिया – साहस

(C) 24 तीलियाँ – दिन के 24 घंटे (D) हरा – पवित्रता

5. **कथन A** : 'चौगान के खिलाड़ी' दक्खिनी शैली का चित्र है जो दरबारी खेल दिखाता है। 1

**कारण** R : आकृतियाँ समतल हरी पृष्ठभूमि पर घोड़ों पर दिखाई गई हैं।

(A) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है।

(B) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(C) (A) सत्य है और (R) असत्य है।

(D) (A) असत्य है और (R) सत्य है।

6. 'फलक पर बाज़ पक्षी' चित्र में कलाकार बाज़ पक्षी पर ध्यान कैसे केंद्रित करता है ? 1

(A) उसे अन्य जानवरों के साथ दिखाकर

(B) इमारतों के बीच दिखाकर

(C) सादी पृष्ठभूमि में गद्देदार फलक पर

(D) उसे अन्य मानवाकृतियों के साथ दिखाकर

7. 'मदर टेरेसा' चित्र किस भाव का प्रतीक है ? 1

(A) पशुओं के प्रति संवेदना (B) करुणा और सेवा

(C) युद्ध में वीरता (D) अनुष्ठानिक भक्ति

8. 'कृष्ण गोपियों के संग' चित्र की पृष्ठभूमि किस प्रकार की है ? 1

(A) महल का आन्तरिक दृश्य

(B) वनाच्छादित (पेड़-पौधे) परिदृश्य

(C) युद्ध क्षेत्र

(D) उजड़ा समतल (रेगिस्तान)

4. Which of the following is not a correct symbolism of the 1947 Indian National Flag ? **1**

   (A) White for peace (B) Saffron for courage

   (C) 24 spokes for 24 hours of the day (D) Green for purity

5. **Assertion (A) :** 'Chaugan players' is a painting of Deccan origin that captures a courtly leisure sport. **1**

   **Reason (R) :** The figures are shown riding horses in a flat green background.

   (A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

   (B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).

   (C) (A) is true and (R) is false.

   (D) (A) is false and (R) is true.

6. In 'Falcon on a Bird-Rest' how does the artist create focus on the Falcon ? **1**

   (A) By surrounding it with other animals.

   (B) In center of buildings.

   (C) On a cushioned rest in plain background.

   (D) By surrounding it between humans.

7. The painting 'Mother Teresa' symbolizes which core value ? **1**

   (A) Care for animals (B) Compassion and service

   (C) Heroism in battle (D) Devotion through ritual

8. Which background setting is used in 'Krishna with Gopis' ? **1**

   (A) A palace interior (B) A forested landscape

   (C) A battle ground (D) A barren plain (desert)

## खण्ड – ब

## (लघु–उत्तर प्रकार के प्रश्न)

निम्नलिखित प्रश्न आपके पाठ्यक्रम से सम्बन्धित हैं ।

9. यह दोनों चित्र स्त्रियों की सुंदरता को दर्शाते हैं – एक घरेलू दृश्य में व दूसरा राजसी खेल में । **2**

   (i) चित्र की विषय–वस्तु लिखिए ।

   (ii) चित्र में स्त्रियों की वेश-भूषा का संक्षिप्त वर्णन कीजिए ।

   (A) हल्दी पीसनेवाली

   **या**

   (B) चाँद बीबी पोलो खेलते हुए

10. (A) आपके पाठ्यक्रम में किशनगढ़ स्कूल के एक चित्र में राधा को सुंदर रूप से दिखाया गया है : **2**

   (i) इस चित्र का नाम और कलाकार लिखिए ।

   (ii) विषय-वस्तु का संक्षेप में वर्णन करते हुए सौन्दर्यात्मक विशेषताएँ बताइए ।

   **या**

   (B) आपके पाठ्यक्रम का यह चित्र नंद, यशोदा, कृष्ण और अन्य परिवार जनों का वृंदावन यात्रा का दृश्य है :

   (i) कलाकार व उप–शैली का नाम बताएँ ।

   (ii) आकृतियों व पशुओं के संयोजन से गति का आभास कैसे होता है – टिप्पणी कीजिए ।

11. आपके पाठ्यक्रम की निम्न कृतियों में मानवीय संघर्ष प्रभावी रूप से व्यक्त है : **2**

   (i) कलाकार का नाम और एक मानव जीवन मूल्य, जो आपने सीखा लिखिए ।

   (ii) संयोजन के दो सौन्दर्यात्मक गुण लिखिए ।

   (A) बच्चे

   **या**

   (B) श्रम की विजय

## SECTION-B

### (Short Answer Type Questions)

Following questions are from your syllabus.

9. These paintings depict women with elegance, one in a homely scene and the other in a royal sport. **2**

   (i) Mention the subject matter of the painting.

   (ii) Briefly describe the attire of the women in the painting.

   (A) Haldi Grinders

   **OR**

   (B) Chand Bibi playing polo.

10. (A) A celebrated Kishangarh School painting from your syllabus presents Radha in an idealised form admired for her beauty. **2**

    (i) Name the painting and its artist.

    (ii) Briefly describe the subject matter highlighting the aesthetic qualities.

    **OR**

    (B) This painting from your syllabus depicts the Vrindavan journey of Nand, Yashoda and Krishna with their kinsmen.

    (i) Name the artist and the sub-school it belongs to.

    (ii) Comment on how the figures and animals are arranged to create a sense of movement in the composition.

11. The struggles of humanity are powerfully expressed in the artworks from your syllabus. **2**

    (i) Mention the name of the artist and any one human value you learned.

    (ii) Describe any two aesthetic features of the composition.

    (A) Children

    **OR**

    (B) Triumph of Labour

12. (A) आपके पाठ्यक्रम में मुगल लघुशैली के एक चित्र में भव्यशाही विवाह यात्रा दिखाई गई है । **2**

(i) चित्र का नाम व कलाकार का नाम लिखिए ।

(ii) वैभव व उत्सवभाव व्यक्त करने वाली कोई दो सौन्दर्य विशेषताएँ बताएँ ।

**या**

(B) आपके पाठ्यक्रम में दक्खिनी लघुशैली के एक चित्र में दो महान सूफी संत चित्रित हैं ।

(i) चित्र का शीर्षक व उप-शैली लिखिए ।

(ii) दो सौन्दर्य विशेषताएँ बताइए और वो आध्यात्मिक निकटता कैसे उभारती हैं – समझाइए ।

13. आपके पाठ्यक्रम में दो कृतियाँ दैवीय कथा के माध्यम से भक्ति-भाव व्यक्त करती हैं ? **2**

(i) कलाकार का नाम और माध्यम लिखिए ।

(ii) चित्र की विषय-वस्तु बताइए ।

(A) गोवर्धनधारी कृष्ण

**या**

(B) झूले पर कृष्ण

## खण्ड – स

## (दीर्घ-उत्तर प्रकार के प्रश्न)

इन प्रश्नों में से किन्हीं दो का उत्तर लगभग **200** शब्दों में अपेक्षित है ।

14. आपके पाठ्यक्रम के एक मूर्तिशिल्प में जनजातीय समूह को आवश्यक वस्तुओं व पशु के साथ गमन करते दिखाया गया है । **6**

(i) मूर्तिशिल्प का शीर्षक व कलाकार और संक्षेप में विषय-वस्तु लिखें ।

(ii) कलाकार द्वारा आकृतियों के संयोजन व चुने हुए माध्यम पर टिप्पणी कीजिए ।

(iii) परिवार दर्शाने वाली आपके पाठ्यक्रम की किसी अन्य मूर्तिकला का नाम लिखें, व दोनों का अंतर संक्षेप में लिखिए ।

12. (A) A detailed Mughal miniature from your syllabus shows the royal wedding procession. **2**

    (i) State the name of the painting and its artist.

    (ii) Identify any two aesthetic features that convey splendour and festivity.

**OR**

(B) A Deccan miniature from your syllabus portrays two great Sufi personalities.

    (i) Mention the title of the painting and the sub-school it belongs to.

    (ii) Point out any two aesthetic features and explain how they highlight the spiritual bond between the figures.

13. Two artworks in your syllabus portray devotion and emotion through divine narrative. **2**

    (i) Mention the name of the artist and the medium.

    (ii) Describe the subject matter of the painting.

    (A) Krishna lifting Mount Govardhana.

    **OR**

    (B) Krishna on Swing.

## SECTION-C

### (Long Answer Type Questions)

Answer for any **two** of these questions is expected in around **200** words.

14. One of the sculptures in your syllabus depicts a group of the tribal figures on the move, carrying essentials along with an animal. **6**

    (i) Mention the title, sculptor's name and briefly state the subject matter.

    (ii) Discuss how the figures are arranged in the composition and the material chosen by the artist.

    (iii) Name another sculpture from your syllabus that depicts a family and briefly state how it differs from this one.

15. आपके पाठ्यक्रम के इस चित्र में ऊँट को निढाल अवस्था में दिखाया है – **6**

(i) चित्र का शीर्षक, कलाकार का नाम और विषय-वस्तु लिखिए ।

(ii) रंग योजन और संयोजन से उपजती भावनाएँ लिखिए ।

(iii) स्वतंत्रता आंदोलन में योगदान देने वाले चार कलाकारों का नाम लिखिए । (पाठ्यक्रम से)

16. दिए गए चित्र का अवलोकन करके निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **6**

(i) चित्र का शीर्षक, कलाकार, उप–शैली व माध्यम लिखिए ।

(ii) आकृतियों व पृष्ठभूमि के कारण उत्पन्न भाव तथा निहित मूल्य लिखिए ।

(iii) इस शैली की चार दृश्यात्मक विशेषताएँ लिखिए ।



15. A painting from your syllabus depicts a camel shown in a moment of stillness. **6**

    (i) Write the title, artist's name and the subject matter of the painting.

    (ii) What emotions does the painting convey through the colour scheme and composition ?

    (iii) Name any four artists from your syllabus who contributed to the freedom struggle.

16. Observe the painting shown below and answer the following : **6**

    (i) Mention the title, artist, sub-school and the medium of this artwork.

    (ii) Describe how figures and background interact to create emotion and what value does it convey.

    (iii) Write the four visual characteristics of the school this painting belongs to.

